हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026

04 पीएम स्वनिधि में चमकी टीकमगढ़ नपा देश में 7वां...



07 जल ही जीवन है, इसकी कीमत पहचानें : जैन





## खबर संक्षेप

### भूमिहीन कृषि श्रमिकों की समस्याओं पर चिंतन बैठक 28 को

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय के विधि विभाग, कामधेनु पीठ, स्वदेशी ज्ञान अध्ययन केंद्र एवं समाजविज्ञान शिक्षण अधिगम केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन बैठक 28 अप्रैल को स्वर्ण जयंती सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित की जा रही है, जिसमें भूमिहीन कृषि श्रमिकों के व्यापक सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक सशक्तिकरण के संदर्भ में परिचर्चा होगी। इस बैठक में प्रो. संजय पासवान पूर्व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार, सामाजिक समरसता मंच के राष्ट्रीय संयोजक के. श्याम प्रसाद, सागर के पूर्व कलेक्टर एवं आयुक्त रहे बी.आर. नायडू, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व आई.पी.एस कन्हैयालाल बेरवाल सहित कई विशेषज्ञ इस चिंतन बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भूमिहीन कृषि श्रमिकों के सशक्तिकरण हेतु एक समग्र रणनीति तैयार करना है, जिसमें उनकी आजीविका, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं अधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित हो सके ।

### जैन मिलन मुख्य शाखा की बैठक आयोजित

**सागर।** कटरा नमक मंडी स्थित गौरा बाई दिगंबर जैन मंदिर परिसर में जैन मिलन सागर मुख्य शाखा की बैठक वीर सुधीर पॉपुलर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विगत माह संपन्न हुई अहिंसा रैली की समीक्षा की गई । मुख्य शाखा के नवीन सदस्य डॉक्टर दीपक बडकुल, सचिन त्रिपाल, रत्नेश सिंघई का स्वागत किया गया। बैठक मे विगत वर्ष का आय व्यय पत्रक सभी सदस्यों सम्मुख वीर संजय सुविधा द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसका अनुमोदन सभी सदस्यों द्वारा किया गया। आगामी वर्ष में शाखा के संचालन हेतु विभिन्न संगठनात्मक पदाधिकारी की नियुक्ति एवं नवीन कार्य कारणी के अतिशीघ्र गठन के लिए शाखा अध्यक्ष अतिवीर राजकुमार पड़ेले को अधिकृत किया गया। बैठक में संस्थापक वीर संजय शास्त्री द्वारा गौरा बाई दिगंबर जैन मंदिर के 150 वे स्थापना वर्ष पर जैन मिलन मुख्य शाखा के सौजन्य से स्मृति चिन्ह स्थापित करने का सुझाव दिया जिसका सभी ने समर्थन किया। शाखा सचिव वीर अभिषेक पिडरूआ द्वारा आगामी माह में जैन मिलन मुख्य शाखा के तत्वाधान में जैन विद्यार्थियों के लिए के करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में वीर अतुल तिली, अतुल, आशीष डबडेरा, रविकांत, राजेश, संजय रजवास, सुशील पड़वार, एड.अंकित सेसई, प्रतीक स्वास्तिक, निखिल जैन आदि अन्य सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक का संचालन एवं आभार जैन मिलन मुख्य शाखा सचिव वीर अभिषेक पिडरूआ द्वारा किया गया।

### गहोई वैश्य समाज-परिचय सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

**सागर।** श्री गहोई वैश्य समाज सागर द्वारा आगामी 2 -3 मई को आयोजित परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। तैयारियों को अंतिम रूप देने अध्यक्ष सुरेन्द्र सुहाने की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में 2 मई को परिचय सम्मेलन एवं 3 मई को सामूहिक विवाह महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। दो-दिवसीय आयोजन में देशभर से सामाजिक बंधु भाग लेने आएंगे। प्रचार-प्रसार समिति संयोजक शरद गुप्ता ने बताया कि आयोजन को लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह है और सामाजिक बंधु तैयारियों में सक्रियता से भाग ले रहे हैं।मंत्री डा संजीव कठल ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए देशभर से करीब सौ बायोडाटा आ चुके हैं, साथ ही करीब 6 विवाह सम्मेलन में संपन्न होंगे।

## खुरई में कृषि उपकरण निर्माता इकाइयों का लिया जायजा

# जीआईज़ेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैंस क्लेन ने अधिकारियों के साथ शाहगढ़ में प्राकृतिक खेती का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

इंडो-जर्मन द्विपक्षीय तकनीकी सहयोग के अंतर्गत संचालित परियोजना "भारत में कृषि-पारिस्थितिक परिवर्तन प्रक्रियाओं हेतु समर्थन" के तहत जीआईज़ेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैंस क्लेन एवं मध्यप्रदेश प्रभारी टीम ने सागर जिले में 2 दिवस के प्रवास पर शनिवार 25 अप्रैल को सागर जिले के विकासखंड शाहगढ़ में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से संवाद किया, प्राकृतिक खेती को और सक्रिय बनाने हेतु किसानों से चर्चा की गई साथ ही प्राकृतिक खेती में आ रही समस्याओं के समाधान पर मंथन हुआ।



रविवार 26 अप्रैल को जिले के खुरई विकासखंड में लघु कृषि उपकरण निर्माता इकाइयों का निरीक्षण किया। जीआईज़ेड द्वारा मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से संचालित इस परियोजना के माध्यम से मध्यप्रदेश सहित कर्नाटक एवं असम राज्यों में प्राकृतिक खेती और कृषि-पारिस्थितिक परिवर्तन प्रक्रियाओं को तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

टीम जी आई जैड द्वारा खुरई में हुए निरीक्षण का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर निर्मित कृषि यंत्रों की प्रकृति, उपयोगिता एवं उनके विकास की संभावनाओं का आकलन करना था। साथ ही जर्मनी के कृषि उपकरण निर्माताओं के साथ संभावित सहयोग के अवसरों का परीक्षण भी किया गया, जिससे कृषि प्रक्रियाओं को अधिक सुदृढ़ बनाकर किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर जीआईज़ेड मध्यप्रदेश के अधिकारी अशोक कुमार, मृदुल भार्गव, हरिओम निराला एवं प्राण रंजन उपस्थित रहे। नई दिल्ली कार्यालय से सुश्री पारुल थापा एवं श्री अविरल सक्सेना भी कार्यक्रम में सहभागी बने। सागर जिले के उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी खुरई जय दत्त शर्मा सहित कृषि विभाग के अधिकारियों ने टीम को विभिन्न इकाइयों का अवलोकन कराया तथा प्राकृतिक खेती एवं कृषि यंत्रीकरण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

### व्यापक कार्यशाला के आयोजन पर विचार

भ्रमण के प्रारंभिक निष्कर्षों के आधार पर कृषि यंत्रों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग एवं जीआईज़ेड के संयुक्त तत्वावधान में एक व्यापक कार्यशाला आयोजित किए जाने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न देशों की आवश्यकताओं के अनुरूप मध्यप्रदेश में संभावित हस्तक्षेपों पर भी विमर्श प्रारंभ किया गया है।

भ्रमण के दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर जर्मनी देश के हैंस क्लेन ने स्थानीय नवाचारों में गहरी रुजर्मनी मूल केचि व्यक्त करते हुए भविष्य में सहयोग की संभावनाओं को साकार करने हेतु सकारात्मक प्रयासों पर बल दिया साथ ही जिले में संचालित प्राकृतिक जैविक हाट बाज़ार परिकल्पना की सराहना की।



## जीतू पटवारी एवं कुणाल चौधरी का कांग्रेसियों ने मोतीनगर चौराहे पर किया स्वागत

**सागर।** मध्य प्रदेश के संघर्षशील कर्मठ और मिलनसार तथा अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं तक का साथ देने वाले मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के सागर आगमन पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव व चंद्रभूषण सिंह गुड्डु राजा बुंदेला, पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी सहित समस्त कांग्रेस जनों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया व जीतू पटवारी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं के नारे लगाए। मोती नगर चौराहा पर जीतू पटवारी एवं उनके साथ पधारे कुणाल चौधरी के आगमन की खबर सुनते ही लगभग 2 घंटे पहले से ही कार्यकर्ता वहां पहुंचने लगे थे। महेश जाटव ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हम सबके प्रिय नेता जीतू पटवारी एवं उनके साथ पधारे हम सबके प्रिय नेता कुणाल चौधरी के सागर आगमन पर कांग्रेसियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है उनके आगमन से कांग्रेस को और अधिक मजबूती मिलेंगी। इस अवसर पर मुकुल पुरोहित, प्रभारी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी, पूर्व सांसद आनंद अहिरवार, संगठन महामंत्री रामकुमार पचौरी, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदीप गुप्ता युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, रमाकांत यादव, आशीष ज्योतिषी, राहुल चौबे, कमलेश तिवारी, जितेंद्र चौधरी, जितेंद्र रोहण, नीलेश अहिरवार, महेश अहिरवार, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, आनंद हैला, दीनदयाल तिवारी शामिल थे।

## भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा की छत्रछाया में संपन्न हुआ सेवादल का मासिक ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

हर माह के अंतिम रविवार को जिला कांग्रेस शहर सेवादल परिवार शहर के अलग-अलग हिस्सों में राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम करता आ रहा है। इसी श्रृंखला में अप्रेल माह का यह ध्वजारोहण कार्यक्रम शहर सेवादल परिवार का 82 वां आयोजन था, जिसे अटल पार्क में भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा के समक्ष पूर्व सरपंच और कांग्रेस पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजा सेन के करकमलों से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजा सेन ने कर्पूरी ठाकुर को स्मरण करते हुए कहा कि राजनीतिक इतिहास में कुछ हस्तियाँ न केवल नेताओं के रूप में, बल्कि परिवर्तनकारी ताकतों के रूप में सामने आती हैं, जिन्होंने राज्य की नियति को आकार देने का कार्य किया है। जननायक कर्पूरी ठाकुर, जिन्हें अकसर 'आम राजनेता' या 'आम आदमी के नेता' के रूप में जाना जाता है, निर्विवाद रूप से ऐसे ही एक महान व्यक्ति थे।



कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा की विचारधारा भारत के बहुलवादी ताने-बाने के लिए खतरा है और कांग्रेस कभी भी भाजपा को अपने इरादों में सफल नहीं होने देगी।

कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे द्वारा और संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस परिवार के मदन सोनी, विठ्ठल पांडे, शिवरानी कोरी, सुधीर सोनी के निधन उपरांत सभी सेवादल परिवार जनों ने श्रद्धांजलि देकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

कार्यक्रम में राजाराम सरवैया, राकेश राय, हरिश्चंद्र सोनवार, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, संदीप चौधरी, शरद पुरोहित, नितिन पचौरी, कल्लू पटेल, महेश अहिरवार, प्रवीण यादव, लल्ला यादव, अंकुर यादव, अमर श्रीवास्तव, कृष्णकांत अहिर वार, हरप्रसाद अहिरवार, उमेश यादव, गोपी यादव, राजू सेन, राज कुमार, रामशंकर सेन, मदनलाल सेन, अभिनव पाटकर, आराध्या पाटकर, विराज यादव, अमन सौदा गर, जेनुल सौदागर, जाहिद सौदा गर, दुर्गेश सेन, अनन्या सेन आदि जन उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्याः मां की तेरहवीं से दो दिन पहले सुसाइड, बेटी की शादी भी टली थी

**खुरई ।** खिमलासा में एक युवक ने घर के पास पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पंचू उर्फ पंचम पिता पर्वत कुशवाहा (42) के रूप में हुई है। यह घटना ऐसे समय हुई जब दो दिन बाद उनकी मां की तेरहवीं थी और कुछ दिनों बाद बेटी की शादी होने वाली थी। जानकारी के अनुसार, वार्ड 2 खिमलासा निवासी पंचम कुशवाहा ने कथित तौर पर शराब के नशे में अज्ञात कारणों से अपने घर के पास ही एक पेड़ पर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को फंदे से उतारा। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए खुरई सिविल अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के चाचा चंदू भाई पटेल ने बताया कि पंचम कुशवाहा की मां का बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनकी तेरहवीं का कार्यक्रम 27 अप्रैल को निर्धारित था और इसकी तैयारियां चल रही थीं। मृतक की बेटी की शादी भी 26 अप्रैल को होनी थी, लेकिन दादी की तेरहवीं के कारण इसे कुछ दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया गया था। फिलहाल, खिमलासा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अत्यंत गर्मी को देखते हुए कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित

**सागर।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका के मद्देनज़र कलेक्टरके निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी, सागर द्वारा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए पूर्व में घोषित अवकाश के साथ अब कक्षा 6वीं से 8वीं तक के समस्त विद्यार्थियों के लिए भी 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, आई.सी. एस.ई., सी.बी.एस.ई. एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर लागू होगा।वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय का समय प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक यथावत रहेगा। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक कार्य संपादित करेंगे। परीक्षाएं एवं अन्य आवश्यक कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित होते रहेंगे।

## शिवसेना ने क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की

# प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में संचालित हो रहे डिफाल्टर उद्योग! शिवसेना ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मकरोनिया सहित जिलेभर में डिफॉल्टर एवं नियम विरुद्ध उद्योगों को संरक्षण देने वाले क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आरओ सहित अन्य विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शिवसेना ने संभाग आयुक्त अनिल सुचारी को ज्ञापन सौंपा । शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी बिना निरीक्षण मनमर्जी तरीके से लाखो रुपए लेकर अवैध उद्योगों को कार्यालय में बैठकर सीटीओ प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। मकरोनिया में ही कई ऐसे नामचीन हॉस्पिटल, होटल, स्टोन क्रेशर एवं मोटर साइकिल शोरूम नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं जिन्होंने सालों से प्रदूषण विवरण (फ़ार्म वी) जमा ही नहीं किया जो डिफाल्टर की श्रेणी में आते हैं। लेकिन



विभाग द्वारा कार्रवाई करने की बजाय उन्हें पुनः सीटीओ प्रमाण पत्र जारी कर दिया। शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वसूली का आड़ा बन हुआ है । मकरोनिया में लगभग 135 रेड व ऑरेंज ज़ोन के उद्योगों को संचालित करने सीटीओ प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं लेकिन विभाग के पास किसी भी उद्योग की गंदे पानी व दूषित हवा की वैज्ञानिक लैब जांच रिपोर्ट नहीं है। अब सवाल उठता है कि प्रदूषण विभाग ने किस आधार में उद्योगों को संचालित करने की अनुमति दी होटल हॉस्पिटल के यंत्र दिखावे के लिए लगे है।

शिवसेना संगठन द्वारा कलेक्टर संदीप जी आर से शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई शीघ्र ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ सहित अन्य लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए अन्यथा शिवसेना संगठन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय में तालाबंदी करने के बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालो में सुमित भार्गव, अनुज तिवारी, आदि जैन, अमन ठाकुर, पंकज दुबे, दीपक सिह लोधी, अजय बुंदेला, हरि पटेल, अनिकेत तिवारी उपस्थित थे ।



## नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी बने मददगार

**गढाकोटा।** समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति से अपील है कि वे भी ऐसे जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अवश्य आगे आएं। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गढ़ाकोटा के रामवार्ड निवासी बेटा यश भट्ट पिता गोविन्द भट्ट से मुलाकात हुई, यश जन्म से ही दिव्यांग है और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पिछले 10 वर्षों से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संघर्ष कर रहा था। हमने पूर्व दिनों में बेटा यश को आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र सौंपकर आगे की प्रक्रिया प्रारंभ करवाई थी। आज सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के पश्चात यश को उसके घर पहुँचकर दिव्यांग प्रमाण पत्र सौंपा। अब न. पा. परिषद के माध्यम से बेटा यश को 600 रूपये प्रतिमाह पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगी। यश और उसके परिवार के चेहरे पर आई खुशी और संतोष वास्तव में अमूल्य है। यह प्रयास केवल एक दस्तावेज देने का नहीं, बल्कि एक जरूरतमंद को उसका अधिकार दिलाने का छोटा सा प्रयास है।

## उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण, गेहूं की तुलाई व सुरक्षित भंडारण के दिए निर्देश

**सागर।** कलेक्टरके निर्देशानुसार जिले में संचालित उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर अविनाश रावत एवं एसडीएम सागर अमन मिश्रा द्वारा महाराजा स्व सहायता समूह, तलचिरी तथा सेवा सहकारी समिति, पनारी के उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए तुलाई व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता एवं भंडारण संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों से क्रय किए जा रहे गेहूं की तुलाई पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए। अधिकारियों ने उपार्जित गेहूं के सुरक्षित भंडारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अनाज को वैज्ञानिक पद्धति से रखा जाए, जिससे उसकी गुणवत्ता सुरक्षित बनी रहे। साथ ही वर्तमान मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उपार्जित गेहूं को सुरक्षित स्थानों पर रखने एवं बारिश अथवा नमी से बचाव के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने केन्द्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उपार्जन कार्य को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु कहा गया तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।



## सीताराम नाम लेखन समिति की बैठक सनराइज मेगा सिटी में संपन्न

**सागर।** श्री सीताराम नाम लेखन समिति के पदाधिकारियो की बैठक समिति के सहव्यवस्थापक पं बृजेश द्विवेदी के सनराइज मेगा सिटी स्थित जय गुरुदेव भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद रावत ने की। उक्त जानकारी देते हुए पं बृजेश द्विवेदी ने बताया सीताराम नाम लेखन हेतु भक्तों को निशुल्क कॉपी देने का निर्णय समिति के द्वारा विगत 5 माह पूर्व लिया गया था और पांच माह में सनराइज मेगा सिटी से 700 कापियों का निशुल्क वितरण भी किया गया। जिसमें से भक्तों के द्वारा अभी तक 575 कॉपी में लेखन कर पूर्ण कॉपियों को जमा भी किया जा चुका है । द्विवेदी ने आगे बताया कि विगत 14 वर्षों से निशुल्क कॉपी के वितरण का कार्य हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर परिसर स्थित श्री सीताराम नाम बैंक से वर्तमान मे भी अनवरत जारी है और लेखन प्रेमियों की सुविधा को देखते हुए विगत पांच माह से प्रत्येक रविवार को सुबह 10:00 से लेकर 4 बजे तक जय गुरुदेव भवन सनराइज मेगा सिटी से भी यह पुण्य कार्य का सिलसिला अनवरत जारी है। बैठक समाप्ति के उपरांत समिति के सदस्यों के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी पीने हेतु सकोरा ( मिट्टी का प्याला ) वृक्षों पर बांधे गए और नित्य प्रतिदिन सकोरों को भरने का संकल्प लिया गया । बैठक में मुख्य रूप से पं बृजेश द्विवेदी, जेपी रावत, अजय खरे, अखिलेश्वर नाथ शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, सुदेश भटेले, राम रतन तिवारी, मोहित उपाध्याय, नमन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे ।




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस को जनता जवाब देगी : महापौर संगीता

**सागर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित आक्रोश रैली एवं पदयात्रा में महापौर संगीता सुशील तिवारी शामिल हुईं। रैली में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर महिला सशक्तिकरण के पक्ष में आवाज बुलंद की। इस दौरान महापौर तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस को जनता जवाब देगी। सागर से निकली यह रैली महिला सम्मान और अधिकारों के समर्थन में सशक्त संदेश है। इस अवसर पर सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, जिलाध्यक्ष रानी कुशवाहा, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, अनु शैलेन्द्र जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सहित नारीशक्ति उपस्थित रही।

कलेक्टर व सीएमओ की रणनीति लाई रंग, प्रदेश को राष्ट्र स्तर पर नंबर वन बनाने में भी मुख्य भूमिका

# पीएम स्वनिधि में चमकी टीकमगढ़ नपा देश में 7वां प्रदेश में टॉप 3 में नाम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि अर्थात पीएम स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश ने संपूर्ण देश में पहला स्थान हासिल कर एक नई मिसाल कायम की है। लेकिन गौरवान्वित होने की बात ये है कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को नंबर वन बनाने में टीकमगढ़ ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के अथक प्रयासों के चलते उक्त योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर योगदान करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मध्यप्रदेश राज्य ने 68.87 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के साथ 9.92 लाख स्ट्रीट वेंडरों को 15.69 लाख ऋण वितरित करते हुए 2,632 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। इस राष्ट्रीय सफलता में टीकमगढ़ शहर का योगदान भी बेहद अहम रहा है, जिसने एक लाख की जनसंख्या आवादी की अपनी श्रेणी में देशभर में 7वां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। एक लाख से कम आबादी वाले शहरी निकायों की श्रेणी में टीकमगढ़ ने मध्यप्रदेश के ही सारनी और बालाघाट जैसे शहरों के साथ टॉप थ्री में स्थान बनाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे जिला प्रशासन और नगर पालिका की सुनियोजित रणनीति, निरंतर मॉनिटरिंग और जमीनी स्तर पर किए गए प्रयासों की बड़ी भूमिका रही है। टीकमगढ़ जिले में स्ट्रीट वेंडरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बड़े पैमाने पर ऋण वितरण किया गया। एक प्रमुख कार्यक्रम के दौरान ही 447 हितग्राहियों के खातों में 44 लाख 70 हजार रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई। योजना के तहत विक्रेताओं को क्रमिक रूप से 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया गया, जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सके।

### कलेक्टर श्रोत्रिय की रणनीति बनी सफलता की कुंजी

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के नेतृत्व में संकल्प से समाधान जैसे विशेष अभियान चलाए गए, जिन्होंने योजना को गति देने में निर्णायक भूमिका निभाई। 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक आयोजित विशेष शिविरों में एक ही स्थान पर आवेदन, स्वीकृति और समाधान की प्रक्रिया पूरी की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा बैंकों और नगर पालिका अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें की गईं, जिससे लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण संभव हुआ। बैंकों को स्पष्ट निर्देश देकर तकनीकी बाधाओं को दूर कराया गया, जिससे ऋण स्वीकृति दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। साथ ही, कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्वयं क्षेत्रीय भ्रमण कर स्ट्रीट वेंडरों को योजना के प्रति जागरूक किया।

### सीएमओ भदौरिया ने जमीनी स्तर पर तस्वीर बदलकर दिया साथ

नगर पालिका टीकमगढ़ के सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया और उनकी टीम ने कलेक्टर श्रोत्रिय के प्रयासों में कंधे से कंधे मिलाकर साथ देते हुये उक्त योजना को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीएमओ भदौरिया ने डोर टू डोर सर्वे कराकर रेहड़ी पटरी व्यवसायियों का पंजीकरण कराया और उन्हें स्वानिधि से समृद्धि पोर्टल से जोड़ा। डिजिटल सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए विक्रेताओं को यूपीआई के माध्यम से लेनदेन की ट्रेनिंग दी गई तथा उन्हें क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा, यह सुनिश्चित किया गया कि पहली किश्त चुकाने वाले हितग्राहियों को समय पर दूसरी और तीसरी किश्त का लाभ मिले। नगर पालिका स्तर पर पहचान पत्र एलओआर और अन्य दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कराने में टीकमगढ़ का विशेष योगदान

टीकमगढ़ उन चुनिंदा शहरों में शामिल है, जहां स्ट्रीट वेंडरों को 30 हजार रुपये की सीमा वाले यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्ड प्रदान कर डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे छोटे व्यापारियों का साहूकारों पर निर्भरता कम हुई और वे आत्मनिर्भर बने। स्थानीय प्रशासन की सक्रियता, बेहतर समन्वय और नवाचारों के चलते टीकमगढ़ ने न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर के मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाई है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य का गौरव मिला है, जिसमें टीकमगढ़ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है।

# एसपी मंडलोई के सख्त निर्देशों के बाद पकड़ा गया कट्टा सप्लायर

शादी में गोलीकांड मामले में दिगौड़ा पुलिस की कार्रवाई, 8 हजार में बेचा गया था हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में अवैध गतिविधियों पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की सख्ती के निर्देशों के बीच पुलिस ने दिगौड़ा थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का खुलासा करते हुए सफलता हासिल की है। विवाह समारोह में चली गोली के मामले में पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत दिगौड़ा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए हथियार सप्लाई करने वालों तक पहुंच बनाई।

उल्लेखनीय है कि ग्राम लुहरगुवां में विवाह समारोह के दौरान बारात में शामिल दीपक अहिरवार ने युवक सूरज अहिरवार पर देशी कट्टे से फायर कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया था और उसके कब्जे से कट्टा व खाली खोखा बरामद किया था। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपी को अवैध हथियार बाहरी स्रोत से उपलब्ध कराया गया था। इसके बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और 24 अप्रैल को गुवावा तिगैला क्षेत्र से सोकिया उर्फ खेमचन्द्र अहिरवार एवं मनोज अहिरवार निवासी ग्राम कछौरा थाना पलेरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिसिया पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस 8 हजार रुपये में मुख्य आरोपी को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस बरामद कर जब्त कर लिया है। इस प्रकरण में थाना दिगौड़ा में बीएनएस की धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में दिगोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, उपनिरीक्षक केएस यादव सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

5 साल से फरार आरोपी भी दबोचे, पुलिस के सघन अभियान से अपराधियों में हड़कंप

# फरार वारंटियों पर एसपी का शिकंजा, एक दिन में 9 गिरफ्तारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में फरार और इनामी अपराधियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चलाए जा रहे इस सघन अभियान के तहत एक ही दिन में 9 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है। अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय मुखबिर तंत्र विकसित करने और तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में जिलेभर में पुलिस टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। उक्त विशेष अभियान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता सामने आई है। थाना बड़ागांव और जतारा पुलिस ने 2-2 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया, जबकि कोतवाली, पलेरा और चौकी बंधा से 1-1 तथा थाना दिगौड़ा से 2 वारंटी दबोचे गए। थाना दिगौड़ा पुलिस ने करीब 5 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी करन आदिवासी और चन्दू आदिवासी को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है।

### दीक्षांत समारोह में हुआ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




शहर के महावीर बाल संस्कार स्कूल में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवीं तक की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के महामंत्री मनोज मड़वैया ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता शिक्षकों के समर्पण, अभिभावकों के सहयोग और उनकी स्वयं की मेहनत का परिणाम है। वहीं प्राचार्य आरके जैन ने अपने संबोधन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# एसपी मंडलोई की पहल, 1 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में युवाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास, खेल प्रतिभाओं के संवर्धन तथा उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2026 के आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारियों, खेल विभाग के पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई, जिसमें शिविर की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।

बैठक में एसपी मंडलोई ने स्पष्ट किया कि यह समर कैंप टीकमगढ़ पुलिस और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 1 मई से 30 मई तक पुलिस लाइन परिसर में आयोजित किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन के लिए सुरक्षा, आधारभूत सुविधाएं और प्रशिक्षित कोचों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस समर कैंप में आउटडोर और इनडोर दोनों प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया गया है। प्रतिभागियों को फुटबॉल, एथलेटिक्स, सॉफ्टबॉल, हॉकी जैसे खेलों के साथ-साथ सेल्फ डिफेंस, योग, इंग्लिश स्पोकन कोर्स, डांस, जुम्बा, मेहंदी और पेंटिंग का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का पंजीयन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

**युवाओं को मिलेगा हुनर निखारने का मंच, खेल, सेल्फ डिफेंस से लेकर इंग्लिश स्पोकन तक प्रशिक्षण**

एसपी मंडलोई ने निर्देशित किया कि शिविर के माध्यम से विशेष रूप से बालिकाओं को सशक्त और जागरूक बनाने पर ध्यान दिया जाए। इसके तहत गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि बालिकाएं आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। शिविर के माध्यम से युवा जोड़ो अभियान और प्रतिभा सम्मान अभियान को भी गति दी जाएगी। प्रतिभागियों को खेल प्रतियोगिताओं और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक मंडलोई स्वयं इसकी नियमित मॉनिटरिंग करेंगे और समय-समय पर प्रतिभागियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी विक्रम सिंह कुशवाहा सहित पुलिस व खेल विभाग के अन्य अधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

आज ही करो साफः कलेक्टर का अल्टीमेटम

# गंदगी पर 10 हजार का जुर्माना, स्वच्छता सर्वेक्षण निरीक्षण में दिखी सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्वच्छता को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के सख्त निर्देशन में प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के तहत शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने गंदगी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए साफ शब्दों में अल्टीमेटम दिया कि पूरे शहर में गंदगी मचा के रखी है, इसे आज ही साफ कराओ।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जब वार्ड क्रमांक 21 में पहुंचे, तो वहां उन्होंने सीधे नागरिकों से संवाद कर स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं सुनीं। मौके पर हालात देखकर कलेक्टर श्रोत्रिय का सख्त रुख तब सामने आया, जब शासकीय शराब दुकान के पास भारी मात्रा में कचरा जमा मिला। इस पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक पर 10 हजार रुपये का चालान करने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि शाम तक पूरा क्षेत्र साफ होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दो टूक कहा कि चाहे निजी जमीन हो या शासकीय, शहर में कहीं भी कचरा नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर हाल में सफाई सुनिश्चित की जाए और लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई हो। जब एक कर्मचारी ने सफाई अगले दिन कराने की बात कही, तो कलेक्टर श्रोत्रिय ने सख्त लहजे में जवाब देते हुए कहा कि कल नहीं, आज ही सफाई कराओ। कलेक्टर के इस सख्त बयान ने मौके पर मौजूद अमले को स्पष्ट संदेश दे दिया कि अब स्वच्छता के मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशों के बाद नगर पालिका की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित क्षेत्र में सफाई अभियान शुरू कराया। साथ ही शराब दुकान के आसपास लगी नाश्ते की दुकानों और गुमटियों पर कार्रवाई करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नपाध्यक्ष अंजली शर्मा, नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

जतारा थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता ने जनता की नींद उड़ाई

# न्यू कोर्ट कॉलोनी में लाखों की चोरी, एसपी से लगाई आस, सख्त पेट्रोलिंग की मांग, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के जतारा थाना क्षेत्र में पुलिस की सुस्ती और चोरों की सक्रियता ने आम जनता की नींद उड़ा दी है। जतारा नगर की न्यू कोर्ट कॉलोनी में हुई बड़ी चोरी की वारदात ने एक बार फिर जतारा में पुलिस की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी समेटकर फरार हो गए, जबकि घटना के बाद लकीर पीटने के रूप में जतारा पुलिस सिर्फ औपचारिकता निभाती नजर आई।

### शादी समारोह में गया परिवार, इधर चोरों का धावा

जानकारी के अनुसार, कॉलोनी निवासी बिहारी लाल अहिरवार अपने पूरे परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद पड़े मकान को आसान निशाना बनाते हुए ताला तोड़ा और अंदर घुसकर जमकर तलाशी ली। चोरों ने घर में रखे करीब 8 से 10 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और लगभग 20 से 25 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि यह सामान परिवार के तीन-चार सदस्यों का था, जिसे सुरक्षित समझकर घर में रखा गया था।

### घटना के लकीर पीटने की मुद्रा में पहुंची पुलिस से नाराजगी

नगरवासियों ने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे पड़ोसियों की नजर जब टूटे ताले पर पड़ी, तब इस वारदात का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही परिवार के होश उड़ गए और इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद जतारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस केवल लकीर पीटने की कार्रवाई तक सीमित रही। मौके का मुआयना कर आसपास पूछताछ और सीसीटीवी खंगालने की बात जरूर कही जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग सामने नहीं आया है।

### इलाके में चोरों की दहशत, पुलिस के खिलाफ गुस्सा

उक्त कॉलोनी में हुई इस बड़ी चोरी के बाद लोगों में जतारा पुलिस के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रात में पुलिस की गश्त न के बराबर है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय लोगों ने साफ तौर पर कहा कि अगर समय रहते गश्त बढ़ाई जाती और निगरानी मजबूत होती, तो इतनी बड़ी वारदात को रोका जा सकता था। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं। लोगों का कहना है कि जब घर खाली छोड़ना भी जोखिम भरा हो जाए, तो सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा कैसे किया जाए। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने, संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

कलेक्टर का फैसला, 27 से 30 अप्रैल तक अवकाश

# 44 डिग्री तक पहुंचा तापमान, नर्सरी से 5वीं तक स्कूल बंद, 6-8वीं की टाइमिंग बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अहम फैसला लिया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तापमान में तेज बढ़ोतरी और लू के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के सभी स्कूलों में 27 से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित कर दिया है। रविवार को सुबह से ही गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया। सुबह 10 बजे के बाद ही लू के थपेड़े महसूस होने लगे, वहीं दोपहर के समय तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले शनिवार को पारा 43.8 डिग्री तक पहुंच चुका था।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जिससे हालात और गंभीर हो सकते हैं। छोटे बच्चों की सेहत को प्राथमिकता देते हुये कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि बढ़ती गर्मी का सीधा असर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है, ताकि उन्हें लू और गर्मी से बचाया जा सके। वहीं कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल का समय बदलते हुए सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिससे बच्चे तेज धूप और दोपहर की गर्मी से बच सकें।

## खबर संक्षेप

### पारौल में लाठी, डंडों से मारपीट

**ललितपुर।** जिले के थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम पारौल में बुधवार रात मामूली बात पर विवाद के बाद लाठी-डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता अन्नू सिंह की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ग्राम पारौल निवासी अन्नू सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि घटना 23 अप्रैल 2026 की रात लगभग 11.30 बजे की है। उनके अनुसार, आरोपी कल्याण सिंह, माधव सिंह, करन सिंह और गब्बर सिंह ने उनके घर के पास आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। हमले में अन्नू सिंह के साथ मौजूद भगवान सिंह और संदीप को भी गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद प्रहलाद सिंह, लोकेन्द्र सिंह और छोटू ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### कुल्हाड़ी से वार, महिला समेत दो घायल

**ललितपुर।** जिले के थाना तालबेहट क्षेत्र में खेत पर काम करने के दौरान कुछ लोगों द्वारा मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खेत पर मौजूद व्यक्ति और उसे बचाने आईं उनकी मां पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग 10 बजे की है। ग्राम सरखडी (मजरा चपचर) के निवासी श्यामलाल कुशवाहा अपने खेत पर मौजूद थे। शिकायत के अनुसार, झांकरवारी के विवाद को लेकर गांव के ही फूलचन्द्र कुशवाहा, वंशी कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा और दीपक कुशवाहा वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीडित श्यामलाल का आरोप है कि जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से उन पर हमला कर दिया। इस दौरान श्यामलाल को बचाने आईं उनकी माता मुन्नी कुशवाहा को भी आरोपियों ने जमकर पीटा, जिससे उन्हें चोटें आईं। साथ ही, आरोपी हीरालाल कुशवाहा ने धारदार हथियार कुल्हाड़ी से श्यामलाल पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीडित ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि मारपीट के बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट की, तो वे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना तालबेहट में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### इंस्टाग्राम पर धमकी दी एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर ऑडियो मैसेज भेजकर एक व्यक्ति और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के अनुसार एसडीएस स्कूल के पीछे चांदमारी निवासी गजराज सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने पूर्व में आरोपी मोहसिन कुरैशी व अन्य के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी 21 अप्रैल 2026 को न्यायालय में गवाही हुई थी। आरोप है कि उसी दिन शाम करीब 5 बजे आरोपी मोहसिन कुरैशी ने अपने इंस्टाग्राम आईडी से वादी के पुत्र के मोबाइल पर ऑडियो मैसेज भेजा, जिसमें गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, आरोपी ने बार-बार फोन कॉल कर भी धमकाने का प्रयास किया, जिससे परिवार दहशत में है और घर से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है। घटना के ऑडियो मैसेज और कॉल रिकॉर्डिंग मोबाइल में सुरक्षित हैं, जिन्हें पुलिस को उपलब्ध कराया है।

---

### होमगार्ड परीक्षा नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण संपन्न

# अराजक तत्वों पर पैनी नजर, परीक्षा में बाधा डालने पर कार्रवाई होगी: एसपी

**डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आज 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित हो रही होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर केन्द्रों पर पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में 25 अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल तक होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री का विजन एकदम साफ है कि परीक्षा पूरी तहर से नकलविहीन व सकुशल सम्पन्न हो, ताकि पात्र अभ्यर्थी को उसकी मेहनत का फल मिल सके। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अगर कोई सोल्वर या नकल कराने की कोशिश करता पाया जाता है तो ऐसे आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी धाराओं में कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पूरी परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों पर लखनऊ मुख्यालय से भी नजर रखी जा रही है।

ललितपुर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश में परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सहित केन्द्र में प्रवेश से लेकर केन्द्र से बाहर निकलने तक की सारी व्यवस्थाओं के लिए मजिस्ट्रेटों की निगरानी में अधिकारियों को तैनात किया गया है। इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कराने वाली संस्था के कर्मियों से वार्ता की और दिशा-निर्देश दिये। मौके पर संस्था के कर्मचारियों द्वारा अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए चैकिंग की जा रही थी, अभ्यर्थियों को फेस, रेटिना, थंब आदि स्कैन करने व सघन तलाशी लेने के उपरान्त ही प्रवेश दिया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारियों सहित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण सम्पन्न संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम यह जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे, किसी भी तरह से परीक्षा केन्द्रों पर नकल नहीं होने दी जाएगी और आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे, किसी भी प्रकार की जानकारी व सूचना के लिए जिला स्तर पर बने कण्ट्रोल रुम को सूचित करेंगे। इसके अलावा केन्द्र प्रभारी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें व निरंतर सीसीटीवी कैमरों से निगरारी करते रहें। परीक्षा केन्द्रो की व्यवस्थाओं यथा साफ-सफाई, प्रकाश, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि को देखा। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखें व चिकित्सा विभाग प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पैरामेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस तैनात रखे। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी अवांछित व्यक्ति केन्द्र के आसपास नजर आये तो उसे चेक करें और परीक्षा केन्द्र से दूर भेज दें। इसके अलावा हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाये रखें। यदि कोई अराजक तत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के प्रशासनिक व पुलिस व्यवस्था में लगे अधिकारी व केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

---

### जल के अपव्यय को रोकें

# जल ही जीवन है, इसकी कीमत पहचानें : जैन



**सीख दी कि प्रत्येक व्यक्ति गर्मी के मौसम में भरपूर पानी पीए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जीवन में जल अनमोल है इसकी कीमत की पहचान जरूरी है। भीषण गर्मी में प्यासे को पानी मिले और पानी की बरबादी न हो इसके लिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि जल के अपव्यय को रोकें। उन्होंने स्थान-स्थान पर प्याउ लगाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह किया। उन्होंने सीख दी कि प्रत्येक व्यक्ति गर्मी के मौसम में भरपूर पानी पीए। उक्त विचार नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा जैन अटा मंदिर के मुख्य द्वार पर आयोजित प्याउ के शुभारम्भ पर व्यक्त किए। नगर के गल्ला व्यापारी समाजसेवी प्रकाश नारायण माहेश्वरी की स्मृति में प्रदत्त वाटर कूलर का पालिका अध्यक्ष ने स्वस्तिक लेखन एवं मंत्रोच्चार के साथ शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन पंचायत से डा.अक्षय टडैया ने की। आकाश जैन ने संचालन करते हुए कहा जैन पंचायत का प्रयास है कि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक प्याऊ लगाई जाए जिससे हर प्यासे को पानी मिल सके। इस मौके पर पार्षद आलोक जैन मयूर, संयोजक सनत जैन, प्रबंधक मनोज जैन, अजय जैन, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, मनोज जैन, अंकित जैन, प्रभात जैन, देवेन्द्र जैन, डा.सुनील खजुरिया, जितेन्द्र जैन, मनोज जैन, रमाकांत तिवारी, अनीता मोदी, उमा जैन, कविता जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

### समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक, मरीजों को गोद लेने की अपील

# टीबी के मरीजों को पोषण सामग्री बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें टीबी मरीजों को पोषण सामग्री (पोषण पोटली) का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर को सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है।

सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि यह कार्यक्रम मरीजों को दवा के साथ-साथ बेहतर पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि वह शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकें। पब्लिक हेल्थ स्पेशिलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने जानकारी दी कि टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। आम नागरिक, अधिकारी और समाजसेवी संस्थाएं निक्षय मित्र बनकर मरीजों के पोषण में सहयोग कर सकते हैं और सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैध ने स्पष्ट किया कि टीबी एक पूर्ण रूप से इलाज योग्य बीमारी है। इसके लिए आवश्यक है कि मरीज नियमित रूप से अपनी दवा का सेवन करें और उचित पोषण प्राप्त करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इस अभियान की पूर्ण सफलता के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदेश श्रीवास्तव, डीपीसी शिवराम सिंह, डीपीटीसी मनोज गुप्ता और टीबीएचवी विकास कुमार श्रीवास्तव सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई

# पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोची वन विभाग कर्मी महिला वन रक्षक

**लकड़ी से भरे ट्रक निकालने के नाम पर मांगा जा रहा था सुविधा शुल्क, वॉचर सहित दो हिरासत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने महरौनी क्षेत्र में तैनात एक महिला वन रक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि भी बरामद की है।

इस कार्रवाई से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले के अनुसार, एंटी करप्शन संगठन झांसी के निरीक्षक व ट्रैप टीम प्रभारी शादाब खान की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता दयपाल सिंह निवासी ग्राम मिदरवाहा थाना महरौनी ने आरोप लगाया था कि वन विभाग की महिला वन रक्षक प्रिया कुमारी द्वारा लकड़ी से भरे ट्रक को निकलवाने के नाम पर सात हजार रुपये की मांग की जा रही थी, जो बाद में पांच हजार रुपये में तय हुई। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। 24 अप्रैल को शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोट देकर तय स्थान पर भेजा गया। जैसे ही महिला वन रक्षक के कहने पर उसका सहयोगी (वॉचर) जाहर ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया। जांच के दौरान बरामद नोटों को केमिकल टेस्ट में सही पाया गया।

टीम ने विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ललितपुर लाया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मुकदमा दर्ज किया गया है। संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाएगी।

---

### प्राथमिक विद्यालय का मामला, ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

# प्रधानाध्यापक पर अभद्रता का आरोप, स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जखौरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीपहाड़ी में स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक के खिलाफ ग्रामीणों और अभिभावकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान प्रधानाध्यापक का व्यवहार बच्चों और अभिभावकों के प्रति ठीक नहीं है। आरोप लगाया गया है कि कक्षा में बच्चों को बार-बार अपशब्द कहे जाते हैं और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है, जिससे बच्चों का मनोबल गिर रहा है। इसके चलते कई बच्चे डर के कारण विद्यालय आने से कतराने लगे हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय का शैक्षिक वातावरण पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। शिकायत करने पर भी प्रधानाध्यापक के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार मौखिक रूप से समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बच्चों के भविष्य और विद्यालय के स्वस्थ माहौल को ध्यान में रखते हुए संबंधित प्रधानाध्यापक का तत्काल स्थानांतरण किया जाए तथा किसी योग्य और संवेदनशील शिक्षक की नियुक्ति की जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द जांच कर उचित कार्रवाई करने की अपील की है। ज्ञापन देते समय ग्राम प्रधान मथुरा प्रसाद, विजय, भोलाराम, जगभान, रामप्रकाश, अनिल, विकास, मदन, भक्तू, कमल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

---

### गाजीपुर हत्याकांड का मामला

# दोषियों की गिरफ्तारी की मांग, राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा



**ललितपुर।** विश्वकर्मा झा समाज सेवा संस्थान द्वारा गाजीपुर की पीड़िता के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि 25 अप्रैल 2026 को झा समाज के लोगों एवं पदाधिकारियों ने एकजुट होकर आवाज उठाई कि गाजीपुर की युवती के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। आरोप है कि इस घटना में दबंग व राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता है, जिन्होंने सबूत मिटाने के उद्देश्य से इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। समाज के लोगों ने कहा कि इस घटना से पूरे प्रदेश की महिलाओं और युवतियों में भय का माहौल है और उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि हत्याकांड के सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी मांग की गई कि प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों और बढ़ती हत्याओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देते समय रमेश कुमार, कपूर सिंह, गोकल, हरेन्द्र एड., मीना, हरदयाल सिंह, दिनेश झां, हजारीलाल, गनेशराम, गौरव विश्वकर्मा, रविन्द्र कुशवाहा, पुष्पा झां, अर्चना के अलावा अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

---

# कारीगरों को मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण व आधुनिक टूलकिट

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद के पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों के कौशल को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत लोहार, बढ़ई, धोबी, राजमिस्त्री, हलवाई, नाई, दर्जी और अन्य पारंपरिक ट्रेडों से जुड़े अनुभवी एवं इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित लाभार्थियों को न केवल ट्रेड से संबंधित निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, बल्कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें आधुनिक टूलकिट (उन्नत टूलकिट) भी वितरित की जाएगी। साथ ही, सरकार द्वारा लाभार्थियों को बैंक ऋण के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने में भी सहायता दी जाएगी। योजना के लिए आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है और उनकी आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदकों के पास आवेदन करते समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर और एक सक्रिय मोबाइल नंबर जैसे आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए। पात्र अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास ने जनपद के पात्र कारीगरों से योजना का लाभ उठाने के लिए अंतिम तिथि से पूर्व विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करने का कहा।

---

### रिजर्व पुलिस लाइंस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया

# दीक्षांत परेड में सेवा व अनुशासन का संदेश दिया

**डीएम व एसपी ने प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ किया सामूहिक भोज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



प्रशिक्षु आरक्षीगण के दीक्षांत परेड/समारोह के उपलक्ष्य में रिजर्व पुलिस लाइन्स में भव्य बड़ा खाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं प्रशिक्षु आरक्षियों को भोजन परोसकर उन्हें पुलिस सेवा की परंपराओं, अनुशासन एवं सेवा भावना का प्रत्यक्ष अनुभव कराया। इस दौरान अधिकारियों एवं प्रशिक्षुओं ने सपरिवार सामूहिक भोज में सहभागिता कर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रशिक्षु आरक्षियों ने नृत्य, संगीत, नाटक, कवितापाठ एवं लोकगीत जैसी विभिन्न विधाओं में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक एवं आधुनिक रंगों से सजी इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षु आरक्षियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षु आरक्षियों की गरिमामय उपस्थिति रही। आयोजन के माध्यम से पुलिस बल में आपसी समन्वय, उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल
मो. 8770833858, 8349245522